## संक्षिप्त समाचार

### एसी में ब्लास्ट के बाद घर में लगी आग, बुजुर्ग को लोगों ने बचाया, लाखों का सामान राख

**पटना**। पटना सिटी के काटी फैक्ट्री रोड में शुक्रवार देर शाम एक घर में अचानक एयर कंडीशन में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट होते ही पूरे घर में धुआं भर गया और आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। घंटों मशक्कत के बाद आग काबू पाया। घटना अगमकुआं थाना क्षेत्र की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घर में सिर्फ एक बुजुर्ग महिला रहती हैं। इनके दो बेटे विदेश में रहते हैं। एसी में ब्लास्ट होने के बाद कमरे में धुआं फैल गया था। रेस्क्यू कर उसे बाहर निकाला गया। आगजनी की घटना में लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। फायर ऑफिसर इंद्रजीत कुमार ने बताया कि तीन बड़ी गाड़ियां, दो एमटी, हाइड्रोलिक के साथ अग्नि दस्ते की टीम पहुंची थी। धुआं के कारण आग बुझाने में काफी परेशानी हो रही थी। पहले धुआं को बाहर निकल गया। इसके बाद आग पर काबू पाया गया।



### PU से छात्र अमन कुमार निष्कासित, हर्ष राज हत्याकांड में गुरुवार को हुई थी गिरफ्तारी

**पटना**। पटना विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र हर्ष राज हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई की है। आरोपी अमन कुमार को कॉलेज से निष्कासित कर दिया है। साथ ही अंतिम परीक्षाफल के प्रकाशन पर भी रोक लगा दिया है। अमन हिस्ट्री ऑनर्स पार्ट-3 का छात्र था। यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से कहा गया है कि आपराधिक किस्म के छात्र से छवि खराब होती है। इसलिए कॉलेज प्रशासन ने ये कदम उठाया है। आगे इस तरह की कोई घटना ना हो उसके लिए सख्ती बरती जा रही है। हर्ष राज हत्याकांड में शामिल अमन को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया था। अमन पटेल छात्रावास में रहता था। दशहरा के समय आयोजित कार्यक्रम में हर्ष का पहले अमन से ही विवाद हुआ था। मारपीट में अमन की ओर से रवीश कुमार और चंदन यादव भी शामिल था। बदले की नीयत से इस हत्याकांड को पूरे प्लानिंग के साथ अंजाम को दिया गया था। बता दें कि 27 मई(सोमवार) को पटना यूनिवर्सिटी के लॉ कॉलेज परिसर में बीएन कॉलेज के छात्र हर्ष को 15 अज्ञात लड़कों ने पीट पीट कर मार डाला। हर्ष बीए थर्ड ईयर का पेपर दे कर निकल रहा था। बुलेट पर बैठ कर आगे बढ़ते ही अज्ञात लड़कों ने ईंट चला कर उसको गिरा दिया। फिर हर्ष को बुरी तरह पीटने लगे। हर्ष के साथ उसका साथी था, अज्ञात लड़कों ने उसे दो से तीन डंडा मारा, जिसके बाद वह वहां से जान बचा कर भाग गया। इसके बाद अज्ञात लड़कों ने हर्ष को मारना शुरू किया। लड़कों ने हर्ष को इतना मारा की उसकी मौत हो गई।



### जनरल दुकान से चोरी मामले में बदमाश गिरफ्तार, पुलिस ने कैश भी किया बरामद

**हाजीपुर**। वैशाली के तिसिऔता थाना क्षेत्र के पिंडोता खुर्द स्थित बृजमोहन राय के जनरल स्टोर के दुकान से रूपए की चोरी कर भाग रहे बदमाश को तिसिऔता थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार स्त्यार्थी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना से महज कुछ ही घंटों में गिरफ़्तार कर लिया है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान मोहम्मद इसराफिल के रूप में हुई है। जो मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुतुबपुर गांव का रहने वाला है। जिसके पास से पुलिस ने चोरी के 59 हज़ार 3 सौ 70 रूपया बरामद किया है। इस संदर्भ में तिसिऔता थाना कांड सं०-54/24 धारा-461/379 भा०द०वि० दर्ज कर अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अपराधी मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुतुबपुर गांव निवासी मो०-तय्यब का पूत्र मो० इसराफिल बताया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के अपराधी का इतिहास को वैशाली पुलिस द्वारा पता किया जा रहा है। वैशाली पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि थाना क्षेत्र के पिंडोता खुर्द स्थित बृजमोहन राय के जनरल स्टोर की दुकान से रूपया की चोरी की घटना घटित हुई थी। मामला जब पुलिस के संज्ञान तक आया तो पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भागने की दिशा में छापेमारी की गई और एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से रूपए भी बरामद किया गया है।



### मंदिर के दान पेटी से चोरी, दो चोर गिरफ्तार, वैशाली पुलिस ने CCTV फुटेज के आधार पर की कार्रवाई

**हाजीपुर**। वैशाली के लालगंज स्थित बड़ी दुर्गा मंदिर में दो दिन पहले हुए दान पेटी से रूपया चोरी करने वाले दो चोरों को पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया है। पुलिस ने मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई की है। घटना के बाद मंदिर के पुजारी ने लालगंज थाना में एफआईआर दर्ज कराया था। पकड़े गए चोर की पहचान पटवा टोली निवासी मोहम्मद असगर के पुत्र मोहम्मद मेराज और प्रेमगंज निवासी ज्योति राम के पुत्र सागर राम को गिरफ्तार है। दोनों के पास से पुलिस ने चोरी के 5000 रूपया बरामद कर लिया गया है। वैशाली पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मंदिर की दान पेटी से रूपया चोरी करने मामले में चोरी के रूपए के साथ दो अपराधी को पकड़ा गया है। दोनों का अपराधिक इतिहास रहा है। दोनों को जेल भेज दिया गया है।



### निफ्टेम का क्षेत्रीय कार्यालय बंद होने से लोगों में आक्रोश, मंत्री पशुपति कुमार पारस ने 11 अप्रैल को किया था उद्घाटन

**हाजीपुर**। पशुपति कुमार पारस के केन्द्रीय मंत्री मंडल से हटते ही निफ्टेम का क्षेत्रीय कार्यालय बंद कर दिया गया। इसको लेकर शुक्रवार को कर्मियों और मजदूरों ने विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारी ऋषि कपूर ने बताया कि इस निफ्टेम कार्यालय का उद्घाटन तत्कालीन केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने 11 अप्रैल 2023 को किया था। यहां पढाई और शोध करने वाले छात्रों को तत्कालीन मंत्री समेत विभाग और कई कंपनियों में रोजगार भी मिला है। इसके बाद भी अचानक बंद कर दिया गया। मालूम हो कि निफ्टेम भारत सरकार का एक ऐसा अनुसंधान संस्थान है जो खाद्य प्रसंस्करण और उद्यमिता के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के लिए जाना जाता है। इसके क्षेत्रीय कार्यालयों का महत्व उन क्षेत्रों के लिए होता है जो खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में काम करते है। यह संस्थान हाजीपुर और आस पास के क्षेत्रों में शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण के क्षेत्र में अग्रणी संस्थाओं में से एक था। हाजीपुर एक ऐसा क्षेत्र है जहां खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की खास जरूरत है। यहां कृषि उत्पादों की खेती होती है जो भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए महत्वपूर्ण सामग्री होती हैं। हाजीपुर के इस क्षेत्रीय कार्यालय में उद्यमियों को तकनीकी और व्यवसायिक सलाह दी जाती थी। इसके अलावा यहां खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते थे। जो उद्यमियों को उनके व्यवसाय को और बेहतर ढंग से चलाने में मदद करता था। उद्योग को अधिक उत्पादक बनाने और अधिक समृद्ध करने में भी मदद करता था। इसके अलावा निफ्टेम के क्षेत्रीय कार्यालय में खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता से संबंधित विभिन्न परामर्श भी उपलब्ध कराए जाते थे।

## आरजेडी-बीजेपी के समर्थक भिड़े, रविशंकर प्रसाद, मीसा और रामकृपाल की किस्मत ईवीएम में कैद

# पटना साहिब में 43.40% और पाटलिपुत्र में 56.86% मतदान





**एजेंसी, पटना।**

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में पटना जिले की दो लोकसभा सीट पटना साहिब और पाटलिपुत्र में वोटिंग खत्म हो गई है। पटना साहिब में शाम 5 बजे तक 43.40% वोटिंग हुई है, जबकि पाटलिपुत्र में 56.86 % मतदान हुआ है।

**आरजेडी-बीजेपी के पोलिंग एजेंट भिड़ेः** वहीं, पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में बिहटा के राजपुर बूथ संख्या 228 पर राजद और बीजेपी के पोलिंग एजेंट आपस में भिड़ गए। दोनों ओर जमकर रोड़ेबाजी हुई है। मामले की सूचना मिलते ही सिटी एसपी मौके पर पहुंचे। छानबीन की जा रही है।

**चुनाव आयोग से लालू यादव की शिकायतः** इधर, राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव राजद का गमछा ले कर मतदान केंद्र पहुंचे थे। इसको लेकर भाजपा ने नई दिल्ली स्थित मुख्य निर्वाचन आयुक्त, राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तथा पटना के जिला निर्वाचन पदाधिकारी के सामने शिकायत दर्ज कराया है। आचार संहिता उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

**सरपरसा गांव में वोट का बहिष्कारः** मसौढ़ी स्थित सरपरसा गांव की बूथ संख्या 267 पर सन्नाटा पसरा हुआ है। सुबह सात बजे से एक भी वोट नहीं पड़ा है। लोगों ने अब तक वोट बहिष्कार कर रखा है। इधर, भोजपुरी गायिका शारदा सिन्हा ने पटना साहिब लोकसभा के बूथ नंबर 60 पर मतदान किया है। उन्होंने वोटरों को मतदान के लिए प्रेरित भी किया है।

**सगुना मोड़ पर ईवीएम खराबः** इधर, पाटलिपुत्र लोकसभा के सगुना मोड़ स्थित मध्य विद्यालय बूथ संख्या 113 पर ईवीएम मशीन खराब हो गई है। इससे कई मतदाताओं को परेशानी हो रही है। मतदाता कड़ी धूप में लाइन में खड़े रहने पर मजबूर हैं। वहीं, टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा और उनके बेटे लव सिन्हा एक साथ पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के एसटी सर्वेंस स्कूल में वोट देने पहुंचे। लव सिन्हा ने कहा कि अगर तेजस्वी यादव सत्ता में आएंगे तो उन्होंने जो नौकरी का वादा किया है। वह पूरा करेंगे। वहीं, उन्होंने कहा कि पिताजी चाहे बिहारी बाबू हो... बंगाली बाबू हो... हिंदुस्तानी बाबू हो, वह जहां जाते हैं अच्छा ही करते हैं। इधर, मुख्यमंत्री सचिवालय के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ और उनकी पत्नी डॉ एन विजय लक्ष्मी ने वोटिंग की है। सेल्फी भी खिंचवाई है।

**मतदान के बाद तेजस्वी ने क्या कहाः** मतदान करने के बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी लोग घर से निकलें। बूथ पर जाएं और जो लोग संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाह रहे हैं, जिन लोगों ने महंगाई बेरोजगारी बढ़ाई है। वोट के जरिए चोट करें। वहीं, उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने के लिए शाम तीन बजे दिल्ली जाएंगे।इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बख्तियारपुर स्थित मतदान केंद्र पर मतदान। इसके बाद परिवार वालों से मिलने के लिए पहुंचे।



**बूथ नंबर 267 पर बहिष्कारः** वहीं, पाटलिपुत्रा विधानसभा क्षेत्र के मसौढ़ी स्थित सरपरसा गांव के बूथ संख्या 267 पर लोगों ने वोट बहिष्कार कर दिया है। रोड और स्कूल को लेकर करीब 700 लोगों ने बहिष्कार किया है। मतदाताओं को समझाने के लिए मौके पर सिटी एसपी पूर्वी भरत सोनी समेत अन्य कई पदाधिकारी पौधे पर पहुंच गए हैं। इधर, पटना साहिब के बूथ नंबर 18 और 19 पर मतदाताओं के बीच चिलचिलाती धूप में भी उत्साह दिख रहा है। महिलाएं बड़ी संख्या में हिस्सा ले रही हैं।

**बूथ नंबर 188 पर भी बहिष्कारः** पाटलिपुत्र लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के पालीगंज विधानसभा के घूरना बिगहा बूथ नंबर 188 पर मतदाताओं ने वोट का बहिष्कार कर रखा है। सुबह के साढ़े आठ बजे तक एक भी मत नहीं डाले गए थे। ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा देते हुए वोट का बहिष्कार किया है। ग्रामीणों ने कहा है कि गांव में आज तक रोड नहीं बना है। हर चुनाव में प्रत्याशी आते हैं और वादे करके चले जाते हैं। पीठासीन पदाधिकारी ने बताया कि सुबह से एक भी मतदाता वोट देने नहीं पहुंचे हैं।

**लालू परिवार ने किया मतदानः** लालू प्रसाद और राबड़ी देवी मतदान करने के लिए वेटनरी कॉलेज स्थित बूथ संख्या 171 पर पहुंचे। यहां उन्होंने मतदान किया। लालू प्रसाद के साथ उनकी बेटी रोहिणी आचार्य भी नजर आईं। वहीं, रोहिणी आचार्य ने कहा कि अपना वोट बहनों के नाम समर्पित किया है। वहीं, तेज प्रताप यादव ने कहा कि 4 जून के बाद कुछ बड़ा फैसला होगा। मोदी जी भी मौन में चले गए हैं। इससे यह साबित होता है कि इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है।



**चुनाव आयोग की नई पहलः** पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत जहानाबाद बूथ संख्या 236 पर चुनाव आयोग की तरफ से नई पहल की गई है। यहां जो भी वोटर पहुंच रहे हैं। उनको तोहफे के तौर पर पेड़ दिया जा रहा है। इस बूथ को हरियाली बूथ घोषित किया गया है। एक वोट एक पेड़। पेड़ लेकर लोग अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। पेड़ में आम, नींबू, शरीफा, अमरूद इत्यादि शामिल है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी यहीं वोट डालने पहुंचेंगे।

**पूर्व सांसद समेत अनेक नेता भी कर रहे मतदानः** बीजेपी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा और उनकी पत्नी पल्लवी सिन्हा लोयला स्कूल स्थित मतदान केंद्र पर मतदान के लिए पहुंचे। इधर, पूर्व सांसद आर के सिन्हा ने पटना साहिब के दीघा विधान सभा के बूथ संख्या 257 पर मताधिकार का प्रयोग किया। वोटिंग सुबह 7 बजे से शुरू है। सुबह से ही लोग बूथ पर पहुंच रहे हैं। उनमें वोटिंग को लेकर उत्साह दिख रहा है। पटना साहिब में मुकाबला भाजपा के रविशंकर प्रसाद और कांग्रेस के अंशुल अविजित के बीच है। वहीं पाटलिपुत्र में भाजपा के रामकृपाल यादव के सामने लगातार तीसरी बार लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती हैं। दोनों ही लोकसभा क्षेत्रों को मिलाकर कुल 39 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। कुल 4290 बूथ बनाए गए हैं। कुल वोटर्स की संख्या 43 लाख 76 हजार 151 है। बिहटा नगर के जिनपुरा गांव स्थित 254 बूथ पर मतदाताओं की लंबी कतार लग गई है। 74 वर्षीय जयमंगल सिंह ने अपना मतदान किया। 86 वर्षीय बिंदेश्वर शर्मा भी मतदान करने पहुंचे। बुजुर्ग वोटर्स भी मतदान करने पहुंच रहे हैं। मतदान केंद्र के परिसर में आने-जाने वालों लोगो को सुरक्षाकर्मी जांच कर प्रवेश करते दिख रहे हैं।

**पटना साहिब में भाजपा का सीधा मुकाबला कांग्रेस सेः** 6 विधानसभा वाले पटना साहिब में भाजपा के उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद हैं। इनका सीधा मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार अंशुल अभिजीत कुशवाहा से है। इन दोनों को मिलाकर पटना साहिब सीट से कुल 17 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

## 1 बच्ची 10 दिनों से लापता

### घर नहीं लौटने पर परिजन ने मामले में SSP को ज्ञापन सौंपा

**एजेंसी, मुजफ्फरपुर।**

मुजफ्फरपुर से गायब 3 बच्चियों की मौत का मामला अभी पूरी तरह सुलझा भी नहीं की एक बच्ची बीते 10 दिनों से गायब होने का मामला सामने आया है। यह बच्ची भी उन सब की तरह 10 दिनों से ट्रेस लेस है। इसको लेकर बच्ची के परिजन ने सिकंदरपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। लगभग 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने बच्ची को बरामद नहीं किया है। बच्ची की मां ने पुलिस जांच पर लापरवाही का आरोप लगाया है। इसको लेकर बच्ची के परिजन ने SSP राकेश को ज्ञापन सौंपा है। घटना के संबंध में लापता मानसी की माता दुर्गा देवी ने सिकंदरपुर थाना में अपनी बेटी की सकुशल बरामदगी को लेकर आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि 20 मई 2024 को उसकी बेटी सुबह 7 बजे गोला रोड माली गली



मोहल्ला में रहने वाले शिक्षक रवि के यहां खाना बनाने के लिए गई थी। सीसीटीवी फुटेज में रवि सर के घर आने और जाने का प्रमाण भी मिला है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह 10:30 बजे कामकाज कर वह निकली थी। लेकिन परिजनों का दावा है कि वह घर नहीं लौटी। बहरहाल मानसी के रूप में एक और किशोरी के लापता होने से लोगों के मन में अंजानी आशंका बल लेने लगी है, क्योंकि नवरूणा, यशी, खुशी, माही समेत दो और लड़कियों की या तो लाश मिली है या उनका कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

## एग्जिट पोल से पहले तेजस्वी बोले- 295+ सीटें जीतेंगे

**एजेंसी, पटना।**

दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर इंडिया गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें बिहार से आरजेडी नेता तेजस्वी यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी भी मौजूद रहे। मीटिंग खत्म होने के बाद आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने 295 प्लस सीट मिलने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन जीत रहा है। पीएम के चेहरे पर हम लोग बाद में फैसला करेंगे। बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि 400 पार की फिल्म पहले चरण में ही फ्लॉप हो गई।



**I.N.D.I.A की बैठक में 23 नेता शामिल हुएः** मल्लिकार्जुन खड़गे (CON.), सोनिया गांधी, राहुल गांधी, के.सी. वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव (SP), राम गोपाल यादव, शरद पवार (NCP-SCP), जितेंद्र अव्हाड, अरविंद केजरीवाल (AAP), भगवंत मान, संजय सिंह, राघव चड्ढा, टी. आर. बालू (DMK), तेजस्वी यादव (RJD), संजय यादव, चंपई सोरेन (JMM), कल्पना सोरेन (JMM), फारूक अब्दुल्ला (J&KNC), डी. राजा (CPI), सीताराम येचुरी (CPI-M), अनिल देसाई शिवसेना (UBT), दीपांकर भट्टाचार्य सीपीआई (ML) और मुकेश साहनी (VIP)।

**ये दल हैं I.N.D.I. का हिस्साः** गठबंधन में कांग्रेस, TMC, DMK, AAP, RJD, JMM, NCP (शरद गुट), शिवसेना (उद्धव गुट), SP, एनसी, PDP, CPM, CPI, MDMK, KMDK, VCK, RSP, COI (ML), फॉरवर्ड ब्लॉक, IUML, केरल कांग्रेस (जोसेफ), केरल कांग्रेस (मणि), अपना दल (कामेरावादी) और MMK शामिल हैं।

**तेजस्वी कह चुके हैं 4 जून के बाद नीतीश कुमार बड़ा फैसला लेंगेः** बता दें, सीएम नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव से पहले खुद को इंडिया गठबंधन से अलग कर लिया था। बिहार में गठबंधन का साथ छोड़कर बीजेपी के साथ मिलकर नई सरकार बनाई थी। हालांकि कुछ दिन पहले नेता विपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा था कि चार जून के बाद नरेन्द्र मोदी की विदाई तय है। चार जून के बाद हमारे चाचा नीतीश कुमार अपनी पार्टी को बचाने के लिए कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं। जदयू वाले अपनी सीटों पर लगे हैं और भाजपा के लोग अपनी सीटों पर लगे हैं। ये चीजें दिखा रही हैं कि चार जून के बाद कुछ बड़ा होने जा रहा है।

♦ मोदी की 400+ वाली फिल्म फ्लॉप, दिल्ली में I.N.D.I.A की बैठक

## मतगणना के लिए कर्मियों की ट्रेनिंग अंतिम चरण में

**एजेंसी, मुजफ्फरपुर।**

♦ केंद्रों से लाइव वेब कास्टिंग की रहेगी सुविधा, तकनीकी खराबी से निपटने को अभियंता रहेंगे

मुजफ्फरपुर में 4 जून को अहियापुर थाना क्षेत्र के बाजार समिति में मुजफ्फरपुर और वैशाली संसदीय क्षेत्र के लिए मतगणना होनी है। जिसको लेकर अंतिम तैयारी चल रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन और एसएसपी राकेश कुमार ने निरीक्षण किया। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के मानक और दिशा-निर्देश के अनुरूप शांतिपूर्ण मतगणना का कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया है। 4 जून को जिले के दो लोकसभा क्षेत्र के मतगणना के लिए अंतिम रूप में कर्मियों का प्रशिक्षण चल रहा। सभी मतगणना केंद्रों पर तकनीकी सहयोग को लेकर के भी अभियंताओं की तैनाती कर दी गई है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत सेन ने बताया है कि अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को अवगत करा दिया है। प्रत्येक केंद्रों पर एक-एक अभियंताओं की तैनाती की गई है।

## आर्मी कैंटीन के पास मिला अज्ञात का शव

**एजेंसी, मुजफ्फरपुर।**

मुजफ्फरपुर के काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र में आर्मी कैंटीन के पास अहले सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया गया है। मृत व्यक्ति का शव खून से लथपथ था। शरीर के दाएं हिस्से पर दो गंभीर जख्म के निशान मिले हैं। व्यक्ति फॉर्मल शर्ट-पैंट पहने हुए है। चाकू गोदकर हत्या की आशंका है। फिलहाल एफएसएल की टीम घटनास्थल पर जांच कर रही है।



एएसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया की एक डेड बॉडी मिली है। रेल फाटक चार के आस पास की घटना है। प्रथम दृश्य हत्या का मामला लग रहा है। पुलिस छानबीन में जुट गई है। अभी तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। घटना में sit टीम का गठन किया गया है।

## बिहार के 10 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**एजेंसी, पटना।**

बिहार में भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है। कई जिलों में बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 10 जिलों में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अन्य सभी जिलों में गर्म दिन रहने की संभावना जताई गई है। हालांकि, लू चलने को लेकर कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। जिससे कुछ हद तक लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। वहीं बिहार में पिछले 3 दिनों में हीटवेव से 72 लोगों की मौत हो गई है। बिहार में पिछले 3 दिन में 71 लोगों की मौत हुई। इसमें सबसे अधिक औरंगाबाद में दो दिनों में 30 से ज्यादा मौत हो चुकी है। शनिवार को जमुई के झाझा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलियोडीह उर्दू स्कूल के शिक्षक वासी अख्तर (490 की अचानक तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टर ने पटना रेफर कर दिया। लेकिन, पटना ले जाने के दौरान रास्ते में ही शिक्षक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हीटवेव की वजह से उनकी तबीयत खराब हुई थी। वहीं, शुक्रवार को 9 और मौत हुई। गया के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में बनाए गए हीट वेव वार्ड में पांच मरीजों की मौत हो गई। छपरा के मांझी में लू लगने से तीन लोगों की मौत हो गई।सासाराम के नासरीगंज चकबंदी कार्यालय में कार्यरत शेर अफजाल अहमद की चुनाव ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। रोहतास में ट्रक चालक व तीन चुनाव कर्मियों की मौत हुई। वहीं, बिहारशरीफ में एक प्रधानाध्यापक की, लू के शिकार हुए पटना के मेदांता में इलाजरत बक्सर के एक व्यक्ति और आरा में एक शिक्षक की मौत हो गई। भोजपुर में मतदान कर्मी की शुक्रवार को मौत हो गई। अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के बगही गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में पोलिंग ऑफिसर 3 के पद पर चुनाव ड्यूटी पर थे। वहीं चौरी थाना क्षेत्र के डीलिया गांव निवासी सुदामा कुमार (34) की भी हीट वेव से मौत हुई है।



**मतदाताओं को झुलसाएगी गर्मीः** आज एक ओर जहां पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पटना साहिब, बक्सर, पाटलिपुत्र, सासाराम, काराकाट, जहानाबाद, भोजपुर और नालंदा के कई इलाकों में सुबह से ही कड़ी धूप निकलने की बात कही गई है।

# बिहार में तेजी से बढ़ रहे मुंह के कैंसर

**एजेंसी, पटना।**

डॉ. आनंद ने बताया कि तंबाकू, चाहे वह सिगरेट, गुटखा, खैनी या सिगार किसी भी रूप में हो, कैंसर का एक प्रमुख कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, 40 से 50 प्रतिशत कैंसर के मामलों के पीछे तंबाकू का सेवन एक बड़ा कारण है। तंबाकू से होने वाले कैंसर में सबसे आम मुंह का कैंसर। भारत में विशेष रूप से बिहार और झारखंड जैसे क्षेत्रों में मुंह के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। डॉ. आनंद ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्भाग्यवश, जागरूकता की कमी के कारण, अधिकांश कैंसर रोगी हमारे पास उन्नत चरण



में आते हैं, जिससे उनका इलाज करना काफी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने आगे कहा कि कैंसर के लक्षणों का जितनी जल्दी पता चल जाता है, उसका इलाज उतना ही आसान और सफल होता है। तंबाकू के सेवन से होने वाले दूसरे सामान्य कैंसर के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि फेफड़ों का कैंसर तंबाकू से होने वाला दूसरा प्रमुख कैंसर है। यदि हम अपनी जीवनशैली से तंबाकू के सेवन को पूरी तरह से हटा दें तो यह हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होगा। तंबाकू से होने वाले कैंसर से बचाव के लिए सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर जागरूकता कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को लोगों को तंबाकू के खतरों के बारे में शिक्षित करने और उन्हें धूम्रपान छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। इस जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और उन्होंने तंबाकू से होने वाले नुकसान और इससे बचने के तरीकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर मझौलिया में जागरूकता कार्यक्रम

चाण्क्य भूमि(मझौलिया)

**मझौलिया**।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश अमरेंद्र कुमार राज के निर्देश पर आगामी 13 जुलाई को लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत एवं 29 जुलाई से 3 अगस्त तक लगने वाले विशेष लोक अदालत की सफलता को लेकर पारा विधिक स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में मझौलिया प्रखण्ड के ग्राम पंचायत जौकटिया में प्रभातफेरी का आयोजन किया।जागरुकता कार्यक्रम की अध्यक्षता जौकटिया ग्राम कचहरी के सरपंच पम्मी देवी ने की। राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करते हुये पीएलवी अवधेश कुमार गुप्ता ने कहा कि आगामी 13 जुलाई को व्यवहार न्यायालय परिसर बेतिया में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है, आप सभी सुलह योग्य आपराधिक (ग्राम कचहरी से सुल्हनिये मामले सहित), राजस्व, दीवानी, मोटर वाहन दुर्घटना दावा, बैंक ऋण, वन संबंधित वाद, माप तौल संबंधित वाद, श्रमिक वाद, भूअर्जन वाद, पारिवारिक विवाद एवं अन्य




सभी प्रकार के सुलहनये वादों का निस्तारण आपसी सद्भाव व सहमती से करा सकते है। स्वयंसेवक श्री गुप्ता ने कहा कि जो लोग राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने पुराने व लम्बित वाद का निस्तारण आपसी सद्भाव व सहमती से कराना चाहते हैं, समय पूर्व, सिविल कोर्ट परिसर स्थित लोक अदालत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार एवं न्यायालय के द्वारा लोगों की भलाई के लिये, समय - समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता हैं। वही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर आगामी 29 जुलाई से 3 अगस्त तक लगने वाले विशेष लोक अदालत के संबंध में उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति का मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है, अगर वे व्यक्ति सशरीर न्यायालय में उपस्थित होने में असमर्थ हैं, वे विशेष लोक अदालत के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं। उनके मामले की सुनवाई इस विशेष लोक अदालत में होगी। वही उपस्थित ग्रामीणों से उन्होंने कहा कि आप स्वयं एवं अपने पास पड़ोस के लोग व रिश्तेदारों को भी लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। मौके पर सरपंच पति साहब यादव, ग्राम कचहरी सचिव अजय कुमार, सुरेश शर्मा, महन्त साह, प्रदीप राम, रामबचन राम, बुद्धराम राम, दशरथ राम, रामचंद्र साह, रामावतार राउत, गनपत साह समेत अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

## नाबालिक युवती के अपहरण के मामले में दो लोगों पर केस दर्ज

मैनाटाड़(चाण्क्य भूमि)

इनरवा थाना क्षेत्र के एक गांव से सत्रह वर्षीय युवती का अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर दो लोगों पर केस दर्ज किया गया है ।अपहृत युवती की माता ने पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि मेरी सत्रह वर्षीय पुत्री घर से गायब है। काफी खोजबीन करने के बाद भी मेरी बेटी नहीं मिली। आसपास के पड़ोसियों से पूछने पर तो पता चला कि गांव का ही नबी आलम उसे हाथ पकड़ कर कहीं ले जा रहा था।जब उसके घर में पूछने गयी तो नबी आलम के पिता रजाक मियां गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देकर वहां से भगा दिया। वहीं इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि इस मामले में अपहरण के सुसंगत धाराओं के तहत केस दर्ज कर अपहृत नाबालिक युवती के बारामदगी के लिए पुलिस पूरी प्रयासरत है। जल्दी अपहृत युवती को बरामद करते हुये अपहर्ता की भी गिरफ्तार किया जायेगा







# गर्मी का पारा चढ़ने के साथ सदर अस्पताल में बढ़ने लगी मरीजों की संख्या

चाणक्य भुमि योगापट्टी

योगापट्टी में मौसम के मिजाज में बदलाव के साथ लोगों के स्वास्थ्य पर इसका असर भी शुरू हो गया है। पिछले कुछ दिनों से बुखार व बदन दर्द के मरीजों की संख्या में अस्पताल में बढ़ोतरी हुई है। इन दिनों , 100 से 150 मरीज हर रोज पहुंच रहे हैं। इनमें अधिकांश बुखार व बदनदर्द की शिकायत संबंधित मरीज रहते हैं।पिएचसी में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की संख्या दो तीन दिन में लगातार बढ़ रही है। इसमें सबसे अधिक शरीर दर्द, पैर, हाथ, कमर दर्द, बुखार और कुछ डायरिया के मरीज आ रहे हैं।अस्पताल के चिकित्सक डा.ने बताया बदलते मौसम, तेज धूप व अचानक बढ़ती गर्मी के दस्तक की वजह से लोगों में शरीर दर्द व बुखार की शिकायत ज्यादा आ रही है। ऐसे में लोगों को काफी सावधानी बरतने की आवश्यकता



है।पिएचसी में ऐसे मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा है। जिनका इलाज हमलोगों के द्वारा किया जा रहा है। चिकित्सक ने बताया इस वक्त दूसरे बीमारियों के मरीज ना के बराबर आ रहे हैं। इसके अलावा पिएचसी में सभी तरह के वैक्सीन के साथ कुत्ता, बिल्ली व सांप के काटने पर उसके संक्रमण के फैलाव से बचाव के टीके भी मौजूद है। बताया जा रहा है कि गमी के मौसम में लोगों को तरल पदार्थ और मौसमी फल का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना चाहिए। नींबू के साथ साथ नींबू के पेय पदार्थों का भी उपयोग करने से लोगों को गर्मी में राहत मिलेगी। इसके अलावा लोगों को अधिक तेल मसाला खाने से बचने की सलाह दी है। गर्मी का तेवर दिखने लगा है मौसम तेजी से बदला है और तापमान भी चढ़ने लगा है। ऐसे में गर्मी में आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। डाक्टरों की राय के मुताबिक खीरा, ककड़ी, तरबूज जैसे फाइबर से जुड़े फल का उपयोग ज्यादा करें। इसके अलावा शरीर में पानी की मात्रा बनाए रखें। धूप में घर से बाहर निकलने से बचें। इन सब उपाय करने से आप गर्मी के प्रकोप से बच सकते हैं। गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने के लिए छाछ बहुत ही अच्छी होती है नारियल पानी गर्मियों में बेहतर है। गर्मी में कॉर्न खाना भी बेहद अच्छा होता है, जो कि पाचन के लिए बहुत अच्छा होता है। खीरा शरीर में पानी की मात्रा बनाए रखने में उपयोगी होता है। और साथ हि बढ़े हुए ब्लडप्रेशर को कम करने में मददगार होता है।

## नवीन आदर्श विद्यालय सरिसवा का छात्र चार दिनों से गायब,परिजन बेहाल



चाण्क्य भूमि(मझौलिया)

**मझौलिया**।स्कूल गया छठे वर्ग का छात्र चार दिन बाद वापस नही लौटा।मामला नवीन आदर्श विद्यालय सरिसवा बाजार का है। सरिसवा वार्ड नं 14 के छठे वर्ग का छात्र पढ़ने के लिए विद्यालय गया।छुट्टी के बाद घर नही पहुंचा।जिससे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।इस बावत छात्र का पिता लालबिहारी महतो ने थाना में गुमसुदगी का आवेदन दिया है।उल्लेखनीय है कि विगत बुधवार 29 मई को उनका 13 वर्षीय लड़का दीपु कुमार पढ़ने के लिये स्कूल गया गया।वहां स्कूल के समयानुसार पढ़ाई की।छुट्टी होने पर सभी छात्र अपने अपने घर पहुच गए।परन्तु उनका लड़का घर नही पहुंचा।तब उन्होंने स्कूल के प्रिंसिपल से बात की तो उन्होंने बताया कि आपका लड़का विद्यालय आया था।उसका हाजरी भी बना है।छुट्टी होने पर वे घर के लिए निकल गया।तब से वे एवं उनके परिजन चिंतित है।सगे संबंधियों के यहां भी तलाश की गई।परन्तु कही भी लड़का का अता पता नहीं चला।परिवार वाले सदमे में है कि मेरे लड़का के साथ कोई अनहोनी न हो जाये।इस संदर्भ में इंसपेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि गुम हुये छात्र के पिता द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है।जांच पड़ताल शुरु कर दी गई है।




# ग्रामीण बैंक मैनाटाड़ की कैशियर पर गबन के मामले में केस दर्ज

चाण्क्य भूमि

**मैनाटाड़**। जमाकर्ताओं के खाते में रुपये जमा नहीं कर गबन करने के मामले में कैशियर पर मैनाटाड़ थाने में मामला दर्ज किया गया है। मामला प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक शाखा मैनाटाड़ का है। दर्ज मामले में तत्कालीन कैशियर प्रिया गौतम को नामजद किया गया है। दर्ज केस में ग्रामीण बैंक मैनाटाड़ के शाखा प्रबंधक चंदन उपाध्याय ने बताया है कि तत्कालीन कार्यालय सहायक प्रिया गौतम के द्वारा जीविका स्वयं सहायता समूह के तीन खाता में अलग अलग तिथि में जमाकर्ताओं के द्वारा दी गयी राशि को उनके खाते में जमा नहीं की गयी। वहीं जमाकर्ताओं को राशि जमा करने की रसीद भी उनके द्वारा दे दी गयी। मामले की जांच बैंक के वरीय अधिकारियों के द्वारा की गयी तो गबन का मामला उजागर हुआ। वहीं प्रधान कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय के द्वारा कार्यालय सहायक प्रिया गौतम पर एक लाख सात हजार पांच सौ साठ रूपये गबन करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश प्राप्त हुआ। शाखा प्रबंधक चंदन उपाध्याय ने बताया कि आरोपी कैशियर प्रिया गौतम को विभाग ने निलंबित करते हुये उनका मुख्यालय बेतिया बनाया गया है।वहीं मैनाटाड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि शाखा प्रबंधक चंदन कुमार के आवेदन पर कैशियर प्रिया गौतम के विरुद्ध भादवि 420 और 406 के तहत केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## जनता दरबार में सीओ पहुंचे लेट

चाण्क्य भूमि

**बगहा**। भूमि विवाद को देखते हुए सरकार ने सभी थाना में जनता दरबार लगाने के आदेश दिया। आदेश के आलोक में हर शनिवार को जनता दरबार लगाया जाता है। इसी कड़ी में शनिवार को भितहा थाना में जनता दरबार का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्ष थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने किया। वहीं भितहां अंचलाधिकारी दोपहर करीब 12:50 बजे पहुंचे। उनके लेट पहुंचने के कारण कुछ फरियादी बैरंग ही लौट गए थे। हालांकि देर से पहुचने के बावजूद सीओ ने उपस्थित फरियादीयों की समस्याओं को सुनते हुए नियमानुसार निष्पादन का प्रयास किया।

## विद्यालय से चला छात्र नही पहुंचा घर,परिजनों का हाल बेहाल

चाण्क्य भूमि

**मझौलिया**।थानाक्षेत्र के सरिसवा वार्ड नं 14 के एक छात्र पढ़ने के लिए विद्यालय गया।छुट्टी के बाद घर नही पहुंच पाया।जिससे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।इस बावत छात्र का पिता लालबिहारी महतो ने थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।दिये गए आवेदन में उन्होंने बताया है कि विगत 30 मई को मेरा 13 वर्षीय लड़का दीपु कुमार पढ़ने के लिए नवनी आदर्श विद्यालय सरिसवा बाजार गया।वहां स्कूल के समयानुसार पढ़ाई की।छुट्टी होने पर सभी छात्र अपने अपने घर पहुच गए।परन्तु मेरा लड़का घर देर शाम तक घर नही पहुंचा।तब मैंने स्कूल के प्रिंसिपल से बात की तो उन्होंने बताया कि आपका लड़का विद्यालय आया था।उसका हाजरी भी बना है।छुट्टी होने पर वे घर के लिए निकल गया।तब से मैं एवं मेरे परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गई।सगे संबंधियों के यहां भी तलाश की गई।परन्तु कही भी मेरे लड़का का अतापता नहीं चला।जिससे हम सभी परिवार वाले सदमे में है कि मेरे लड़का के साथ कोई अनहोनी न हो जाये।इस संदर्भ में इंसपेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया गुम हुये छात्र के पिता द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है।जांच पड़ताल शुरु कर दी गई है।







# मन्नत हॉस्पिटल में प्रसूता महिला की ऑपरेशन के बाद गई जान

चाणक्य भुमि

**बगहा**। नगर थाना गेट के पास स्थित मन्नत हॉस्पिटल में सुरक्षित प्रसव के नाम पर ऑपरेशन करने और गंभीर स्थिति होने पर रेफर करने के बाद रास्ते में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है यह मामला सोसल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दूसरी ओर कथित संचालक द्वारा मृत महिला के स्वजन को मोटी राशि देकर मामले को मैनेज करने की चर्चा लोगों में जोरों पर है। वहीं मृतक महिला संबंधी ने मोबाइल पर बताया कि नगर थाना क्षेत्र के खैरटवा गांव निवासी शैलेश यादव की पत्नी रनीता देवी को प्रसव के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भर्ती कराया गया था। जहां बताया गया कि महिला गंभीर है। हम लोगों को नगर थाना के पास मन्नत हॉस्पिटल में ऑपरेशन के लिए

- **आखिर कितनी जानों के बाद विभाग करेगी कार्रवाई**

भेजा गया। शुक्रवार की रात में ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के दौरान नवजात की मृत्यु हो गई। ऑपरेशन के उपरांत गंभीर स्थिति देखते हुए बेतिया रेफर कर दिया गया। बेतिया जाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई। बताते चलें कि इसके पूर्व में भी नगर थाना के पास ही सूरज हॉस्पिटल में पंवरिया टोला निवासी रहमत की 29 वर्षीय पत्नी कमरून नेशा का ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई थी। मृतक के ससुर बादशाह ने नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया। मामला 304 में दर्ज किया गया था। अब जांच में यह मामला 302 धारा के साथ सत्य साबित हुआ है। इसके पूर्व संजीवनी हेल्थ केयर सिनेमा चौक पर भी महिला का जान ऑपरेशन के बाद जा चुका है। इतना ही नहीं भैरागंज के डबरा चौक पर भी एक झोलाछाप ने महिला की जांन ले ली थी। ऐसे बगहा अनुमंडल में दर्जनों मामले सामने आ रहें है। स्वास्थ्य विभाग केवल आवदेन मिलने पर कार्रवाई करने की रट लगाए रहता है। बतादें कि सुरक्षित प्रसव के लिए हर संभव सुविधा संसाधन मुहैया सरकारी अस्पतालों में कराने का दावा किया जाता है। वहीं दूसरी ओर बगहा के अनुमंडलीय अस्पताल में क्षेत्र से सुरक्षित प्रसव कराने के लिए आने वाली गर्भवतियों महिलाओं को कतिपय अस्पताल के बिचौलियों के द्वारा कतिपय निजी क्लीनिकों व झोलाछाप के यहां सुरक्षित प्रसव कराने के लिए ले जाया जाता है। नाम तो सर्जन का होता है लेकिन झोलाछाप से ऑपरेशन कराकर लगातार जान ले रहें है। विभाग का रटा रटाया जवाब ही स्वजन आवेदन देंगे तो कार्रवाई कैसे होगी। जबकि स्वास्थ्य विभाग नगर सहित पूरे जिला में संचालित नीजी क्लीनिकों की सूची व कागजात रखने का दावा लगातार करता आ रहा है। छापेमारी करते हुए कहा जाता है, कि कागजात मांगा गया है। बावजूद कार्रवाई नहीं की जाती है। इसको लेकर चर्चा जोरों पर है। की आखिर कितनी जानों के बाद विभाग करेगी कार्रवाई वहीं इस मामले में शहरी पीएचसी प्रभारी डॉ. राजेश कुमार सिंह नीरज ने बताया कि ऐसी सूचना इंटरनेट मीडिया पर चल रही है। पीडित आवेदन देंगे तो कार्रवाई होगी। अभी आवेदन नहीं मिला है। मामले की अपने स्तर से जांच की जा रही है। जांचोपरांत कार्रवाई होगी।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714